तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि कोरबा भूमि

बिलासपुर, सोमवार 26 अक्टूबर 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4

पावर हाउस रोड पर जाम से निपटने रातोंरात बना डिवाइडर



खबर संक्षेप

28 व 29 को जिले में वर्षा की संभावना

कोरबा। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार चक्रवात के उत्तरी आंध्र प्रदेश तट पर लैंडफॉल करने की संभावना है। इसके प्रभाव से 27 अक्टूबर को सुकमा एवं दंतेवाड़ा तथा 28 एवं 29 अक्टूबर को प्रदेश के सभी जिलों में वर्षा की संभावना जताई गई है। प्रदेश के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। कलेक्टर ने जिले के सभी संबंधित अधिकारियों को सतर्क रहने और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जिला एवं तहसील स्तर पर कंट्रोल रूम सक्रिय रखने, मौसम संबंधी चेतावनियों की लगातार निगरानी करने तथा राजस्व, पुलिस, नगर निगम, पंचायत, स्वास्थ्य, विद्युत सहित सभी संबंधित विभागों को अलर्ट पर रखने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने निचले एवं जलभराव वाले क्षेत्रों तथा बाढ़ की आशंका वाले स्थानों की पहचान कर राहत एवं बचाव की व्यवस्था तैयार रखने को कहा है। एसडीआरएफ, होमगार्ड और अन्य बचाव दलों को आवश्यक उपकरणों सहित तैयार रखने तथा जलाशयों एवं बांधों के जलस्तर पर लगातार नजर रखने के निर्देश भी दिए गए हैं।

आंबा कार्यकर्ता व सहायिका की हड़ताल कल

कोरबा। वर्षों से लंबित मांगों को लेकर प्रदेशभर की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाएं 27 अक्टूबर को एक दिवसीय हड़ताल रहेगी। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका संयुक्त मंच के बैनर तले आंदोलनरत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका ब्लॉक एवं जिला मुख्यालय में धरना प्रदर्शन, सभा के बाद रैली निकाल कर कलेक्ट्रेट का घेराव कर सरकार के सामने अपनी मांगें रखेंगी। इस दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े एवं सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। मंच का प्रमुख मांग है, कि कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को नियमित किया जाए। नियमितीकरण होने तक कार्यकर्ताओं को 30 हजार रुपये और सहायिकाओं को 25 हजार 500 रुपये प्रतिमाह मानदेय दिया जाए। इसके अलावा कार्यकर्ताओं को सुपरवाइजर तथा सहायिकाओं को कार्यकर्ता के पद पर सीधे पदोन्नति देने और पदोन्नति में उम्र की बाध्यता समाप्त करने की मांग की गई है।

कथक कलाकार योद्धा का किया सम्मान



बालको। बालको के दिल्ली पब्लिक स्कूल की कक्षा 5 की छात्रा और युवा कथक कलाकार योद्धा पर्वथम को पंजाब नेशनल बैंक हैदराबाद सर्कल द्वारा सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें भारतीय शास्त्रीय नृत्य के प्रति उनके समर्पण और उनकी उभरती कलात्मक प्रतिभा के लिए दिया गया। यह सम्मान पंजाब नेशनल बैंक के हैदराबाद सर्कल कार्यालय के उप महाप्रबंधक और प्रमुख, अरविंद कालरा द्वारा बैंक की सांस्कृतिक गतिविधियों के तहत आयोजित एक सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान प्रदान किया गया।

जूनियर नेशनल वूशु में जिले के तीन खिलाड़ियों का चयन

कोरबा। तमिलनाडु के चेन्नई स्थित जेपियर यूनिवर्सिटी में आगामी 28 अक्टूबर से 2 नवंबर तक आयोजित होने वाली 25वीं जूनियर नेशनल वूशु बालक एवं बालिका प्रतियोगिता के लिए जिले के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का चयन किया गया है। चयनित खिलाड़ियों में रजनीश बंजारे, हर्षिता प्रधान, हर्ष प्रधान शामिल हैं। चयनित खिलाड़ियों का सम्मान जिला वूशु संघ परिवार के मुखिया एवं अध्यक्ष हितानंद अग्रवाल ने अपने कार्यालय में खिलाड़ियों को पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया।

ऑफलाइन जारी नहीं होगी पोस्टमार्टम रिपोर्ट, मेडलेपार पोर्टल से भेजना अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एमएलसी और पोस्टमार्टम रिपोर्ट की समीक्षा करने हुई बैठक

खास बात

- एमएलसी के ऑनलाइन पेंडेंसी की नियमित निगरानी करने के दिए गए निर्देश



मेडलेपार पोर्टल के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में पुलिस एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में एमएलसी एवं पोस्टमार्टम रिपोर्ट की ऑनलाइन प्रविष्टि, अपलोडिंग और सत्यापन की स्थिति की समीक्षा करते हुए लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

अलग खबर

कलेक्टर श्री दुदावत ने कहा कि मेडलेपार भारत सरकार की नवीन कानून के क्रियान्वयन के लिए एक महत्वपूर्ण डिजिटल प्लेटफॉर्म है, जिसके माध्यम से मेडिको-लीगल एवं पोस्टमार्टम रिपोर्ट की प्रक्रिया को पारदर्शी, जवाबदेह और समयबद्ध बनाया जा रहा है। उन्होंने मेडिकल कॉलेज के डीन सहित सभी विकासखंड चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया कि मेडलेपार पोर्टल पर सीसीटीएनएस के माध्यम से पोस्टमार्टम रिपोर्ट की एंट्री समय पर सुनिश्चित करें। एमएलसी प्रकरणों में भी किसी प्रकार की देरी न हो तथा पोर्टल पर लंबित मामलों की नियमित समीक्षा कर निर्धारित समय-सीमा में निराकरण किया जाए, ताकि पुलिस विवेचना एवं न्यायालयीन प्रक्रिया प्रभावित न हो। बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि एमएलसी एवं पोस्टमार्टम रिपोर्ट संबंधित विभागों को मेडलेपार पोर्टल के माध्यम से ही प्रेषित की जाएं। सामान्य परिस्थितियों में ऑफलाइन माध्यम से पोस्टमार्टम रिपोर्ट जारी नहीं की जाए तथा सभी संबंधित अधिकारी ऑनलाइन प्रक्रिया का अनिवार्य रूप से पालन करें। साथ ही, एमएलसी की ऑनलाइन पेंडेंसी की नियमित निगरानी कर लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण सुनिश्चित किया जाए। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने कहा कि सीसीटीएनएस परियोजना के अंतर्गत एमएलसी एवं पोस्टमार्टम रिपोर्ट को मेडलेपार पोर्टल पर अपलोड करने की प्रक्रिया निर्धारित प्रावधानों के अनुरूप पूरी की जाए।

सरगबुंदिया, मड़वारानी जैसे रेलवे स्टेशनों का बदल रहा स्वरूप

छोटे रेलवे स्टेशनों में फुटओवर ब्रिज का निर्माण व प्लेटफार्म की बढ़ रही ऊंचाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



सरगबुंदिया रेलवे स्टेशन में तैयार हुआ फुट ओवरब्रिज।



मड़वारानी में चल रहा प्लेटफार्म विस्तार का कार्य।

जिले के छोटे रेलवे स्टेशनों को भी रेलवे बोर्ड के मापदंडों के अनुसार तैयार करने का काम पिछले कुछ वर्षों से तेजी से चल रहा है, जिससे सरगबुंदिया मड़वारानी, कोथारी जैसे स्टेशनों में भी फूटओवर ब्रिज का निर्माण किए जाने के साथ प्लेटफार्म की ऊंचाई भी बढ़ाई जा रही है।

केंद्र सरकार के अमृत भारत योजना अंतर्गत रेलवे स्टेशनों में अधोसंरचना कार्य के लिए बड़ी राशि खर्च किए जाने की स्वीकृति मिली है। इनमें कोरबा रेलवे स्टेशन के अलावा कोथारी, मड़वारानी, सरगबुंदिया जैसे रेलवे स्टेशनों में यात्री सुविधा बढ़ाने के लिए पूर्व में तैयार किए गए डीपीआर तेजी से काम चल रहा है। इनमें चांपा से कोरबा के बीच तीसरी रेल लाईन के अलावा फूट ओवर ब्रिज का निर्माण लगभग पूर्ण हो चुका है। इसके अलावा इन सभी रेलवे स्टेशनों के प्लेटफार्म की ऊंचाई बढ़ाने के साथ इनकी संख्या ⏭शेष पेज 3 पर

बोर्ड के गाईड लाइन के अनुसार हो रहे काम

स्टेशन में बोर्ड निर्धारित गाईडलाइन को पूरा करने के लिए लगातार काम चालू है एवं दिव्यांगजन के अनुकूल सुविधाएं जैसे स्टेशन की एंट्री में रैंप के निर्माण कार्य किए जा रहे हैं। सभी छोटे स्टेशनों में यात्री सुविधाएं बढ़ाई जा रही है।

-शेख सफी उर रहमान, सीपीआरओ रेलवे

क्या क्या हो रहे कार्य

- 0 गेवरा रोड के प्लेटफार्म नंबर 1 पर 63 लाख की लागत से विस्तार कार्य किया गया।
- 0 गेवरा रोड स्टेशन में पीआरएस आफिस और गुड्स शेड कार्य का निर्माण किया गया है।
- 0 उरगा, मड़वारानी, सरगबुंदिया प्लेटफार्म की ऊंचाई बढ़ाने यात्री सेल्टर का निर्माण।
- 0 लगभग 144 लाख खर्च होंगे।

उद्योगों की जरूरत के अनुसार युवाओं को प्रशिक्षण और रोजगार से जोड़ने की पहल



बैठक में उपस्थित औद्योगिक उपक्रम के अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप युवाओं को कौशल प्रशिक्षण और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आज जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा कलेक्टर कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में कौशल अंतर आकलन एवं भावी कार्यबल मानचित्रण रिपोर्ट पर चर्चा की गई। कलेक्टर श्री दुदावत ने औद्योगिक संस्थानों के प्रतिनिधियों से उनकी वर्तमान एवं भविष्य की मानव संसाधन संबंधी आवश्यकताओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जिले में आईटीआई और पॉलीटेक्निक संस्थान उपलब्ध होने के बावजूद रोजगार नियोजन की स्थिति में सुधार की आवश्यकता है। इसके लिए उद्योगों को आईटीआई से जोड़कर उनकी जरूरत के अनुरूप पाठ्यक्रम संचालित किए जाएं। साथ ही, उद्योगों में युवाओं के लिए अप्रेंटिसशिप के अवसर उपलब्ध कराने पर भी चर्चा की गई। कलेक्टर ने औद्योगिक संस्थानों से आगामी तीन वर्षों में आवश्यक ट्रेड और कुशल कार्यबल के संबंध में लिखित फीडबैक देने का आग्रह किया। उन्होंने आईटीआई में आगामी पांच वर्षों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए नई तकनीकों और उभरते ट्रेडों में प्रशिक्षण पाठ्यक्रम शुरू करने के निर्देश दिए।

गैरेज में रिपेयरिंग के दौरान मोटर साइकल में लगी आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



धूं धूंकर जलती बाइक।

मुड़ापार पेट्रोल पंप मोड़ के पास एक गैरेज में रिपेयरिंग के दौरान पल्सर बाइक में अचानक आग लग गई। बाइक में आग लगते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई। बाइक मालिक और मिस्त्री समेत वहां मौजूद लोग घबरा गए। गनीमत रही कि आग गैरेज और आसपास खड़ी दूसरी बाइकों तक नहीं पहुंची। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ लेकिन बाइक पूरी तरह जल गई। यह मामला मानिकपुर चौकी क्षेत्र का है।

खास बात

- शार्ट सर्किट से आग लगने की आशंका

जानकारी के मुताबिक बाइक स्टार्ट नहीं हो रही थी। इसके बाद मालिक किसी तरह धक्का देकर बाइक को गैरेज तक लाया था। मिस्त्री बाइक की मरम्मत कर रहा था। इसी दौरान किक मारते ही अचानक चिंगारी निकली और बाइक में आग लग गई। देखते ही देखते आग पूरी बाइक में फैल गई। आग को गैरेज और आसपास खड़ी दूसरी बाइकों तक फैलने से रोकने के लिए मिस्त्री ने जलती हुई बाइक को किसी तरह गैरेज से बाहर निकालकर सड़क पर रख दिया। इसके बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। घटना की सूचना दमकल वाहन और मानिकपुर चौकी पुलिस को दी गई। स्थानीय जनप्रतिनिधि और पूर्व पार्षद शैलेंद्र सिंह उर्फ पप्पी ने बताया कि बाइक में पूरी तरह आग लग चुकी थी। आग बुझाने के लिए दमकल वाहन बुलाया गया। दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पाने की कोशिश की, लेकिन तब तक बाइक पूरी तरह जल चुकी थी। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, बाइक में पेट्रोल का रिसाव हो रहा था। आशंका है कि रिपेयरिंग के दौरान किक मारने पर निकली चिंगारी से आग लग गई। हालांकि, आग लगने का सही कारण जांच के बाद ही स्पष्ट होगा। स्थानीय लोगों के मुताबिक, बाइक में अचानक आग लगने से मिस्त्री भी इसकी चपेट में आ सकता था। हालांकि, समय रहते जलती बाइक को गैरेज से बाहर निकाल दिया गया। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, बाइक में पेट्रोल का रिसाव हो रहा था। आशंका है कि रिपेयरिंग के दौरान किक मारने पर निकली चिंगारी से आग लग गई। हालांकि, आग लगने का सही कारण जांच के बाद ही स्पष्ट होगा। स्थानीय लोगों के मुताबिक, बाइक में अचानक आग लगने से मिस्त्री भी इसकी चपेट में आ सकता था। हालांकि, समय रहते जलती बाइक को गैरेज से बाहर निकाल दिया गया, जिससे दुकान और आसपास खड़ी दूसरी बाइकों को नुकसान होने से बच गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

तहसील परिसर में निकला कोबरा, किया गया रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



तहसील कार्यालय में उस समय अफरा तफरी मच गई जब कार्यालय के अंदर एक अलमारी के पीछे कोबरा सांप दिखाई दिया। सरकारी कार्यालय में सांप मिलने की खबर से वहां मौजूद लोगों में चिंता का माहौल बन गया। कार्यालय में प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग अपने राजस्व संबंधी कार्यों के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में यदि कार्यदिवस में यह होता तो मामला गंभीर हो सकता था। प्रतिलिपी शाखा में कार्य के लिए आज सुबह सहायक ग्रेड-2 आईपी डाहिरे व एक अन्य उक्त शाखा में गए थे तब सांप पर नजर पड़ी। कमरे के भीतर कोबरा की मौजूदगी से किसी अप्रिय घटना की आशंका बनी हुई थी। कोबरा दिखाई देने के बाद तत्काल वन विभाग और रेस्क्यू टीम के सदस्य अविनाश यादव से संपर्क किया गया। अविनाश यादव अपनी टीम के सदस्य मानस के साथ मौके पर पहुंचे। टीम ने स्थिति का जायजा लिया और सावधानीपूर्वक रेस्क्यू की प्रक्रिया शुरू की। कोबरा कार्यालय के अंदर अलमारी के पीछे बैठा हुआ था, जिसके कारण उसे सुरक्षित तरीके से बाहर निकाला गया और उसे जंगल में छोड़ा गया।



खबर संक्षेप

जूनियर छात्रा से अनाचार करने वाला गिरफ्तार

बिलासपुर। किराए के मकान में जाकर जूनियर छात्रा से अनाचार



करने वाले सीनियर छात्र को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सरकण्डा क्षेत्र में किराए के मकान में रहकर निजी कालेज में पढ़ाई करने वाला छात्रा का कालेज के सीनियर छात्र कलमी मालखरौदा निवासी दीपक चाटुरे से जान पहचान थी। पिछले दिनों जान पहचान का फायदा उठाकर दीपक छात्रा के रूम में मिलने गया और उसके साथ अनाचार किया। पीड़ित छात्रा ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर छात्र दीपक को गिरफ्तार कर लिया है।

कुछ माह पहले नगर विधायक ने किया था भूमिपूजन

लोगों का आरोप कांग्रेस पार्षद के कारण नहीं हो रहा है निर्माण पूरा

4 साल में नहीं बनी सड़क, मरीमाई रोड को लेकर किया चक्काजाम, पहुंचे अफसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



लिंक रोड का ट्रैफिक डायवर्ट करने और शहर को स्मार्ट सड़क बनाने के लिए शुरू की गई मरीमाई रोड सड़क पिछले 4 साल में बनकर तैयार नहीं हो सकी है। 3 सालों से रहवासियों को धूल और मिट्टी फांकने को मजबूर होना पड़ रहा है, यही कारण है कि रविवार को रहवासियों ने सड़क पर चक्काजाम कर दिया। इस दौरान बड़ी संख्या में मोहल्लेवासी मौजूद थे, जोन कमिश्नर और इंजीनियर ने लोगों को समझाइश देकर शांत कराया है।

4 सालों से मरीमाई सड़क पर धूल के गुबार उड़ रहे हैं, दरअसल अतिक्रमण हटाने के लिए 2022 में नगर निगम ने कार्रवाई की और 40 से अधिक घरों को तोड़ दिया, जिसके बाद निगम ने स्मार्ट सिटी फंड से दोनों ओर नालियां बनाई, लेकिन हर बार किसी ना किसी कारण से काम रोक दिया। इस साल मई माह में 800 मीटर सड़क बनाने के लिए नगर विधायक द्वारा भूमिपूजन कराया गया, लेकिन सड़क नहीं बन सकी है। रहवासियों ने 3 से 4 घंटे तक सड़क का आवागमन रोक दिया, जिसके बाद नगर निगम के अधिकारियों के हाथ पैर फूल गए और जोन कमिश्नर, इंजीनियर और पुलिस के जवान मौके पर पहुंचे। लोगों का आरोप है कि पिछले 4 सालों से लोगों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, बच्चे और बुजुर्ग सड़क के धूल से बीमार हो रहे है लेकिन नगर निगम के इंजीनियर और अधिकारी सड़क निर्माण को लेकर लापरवाही बरत रहे है। रहवासियों ने कहा कि कांग्रेसी पार्षद होने के कारण वार्ड में काम नहीं हो रहा है, अतिक्रमण हटाने से लेकर सड़क निर्माण तक लोगों को परेशान किया जा रहा है।

40 फीट चौड़ी होगी सड़क

तीसरी स्मार्ट सड़क के लिए वार्ड नंबर 26 में एक करोड़ की लागत से 800 मीटर मरीमाई रोड बनाया जाना है। जिसका ठेका निगम ठेकेदार रितेश सिंह को दिया गया है। नालियों का निर्माण भी पूरा नहीं हो सका है, ऐसे में सड़क कबतक पूरी होगी, इसका जवाब नगर निगम के अधिकारियों के पास भी नहीं है। दरअसल सड़क डामर से बनाया जाना है, लेकिन वैश्विक संकट के चलते निगम के ठेकेदारों के पास डामर की किल्लत है। यही कारण है कि सड़क पर काम बंद कर दिया गया है।

जल्द सड़क बनाने का है प्रयास

सड़क डामर की किल्लतों के कारण नहीं बन पाई है, लोगों ने आज चक्काजाम करने की कोशिश की है, जोन कमिश्नर और इंजीनियरों ने उन्हें सभी बातों से अवगत कराया है। हमारी कोशिश है कि जल्द से जल्द सड़क बन जाएं।

-प्रकाश सर्वे, कमिश्नर, ननि

क्या कहते हैं लोग

■सड़क पर अतिक्रमण हटाया गया, लेकिन सड़क नहीं बनाई गई, पिछले 2 सालों से यहां से गुजरना मुश्किल हो चुका है। लोग बीमार हो रहे है, सर्दी आते ही सांस की समस्या से बुजुर्ग बेहाल हो जाते है। -**समा बेगम**

■कई बार पार्षद के पास जा चुके हैं, इस सड़क पर कबिस्तान है, रोजाना सैंकड़ों लोगों को पैदल आना जाना होता है, लेकिन निगम प्रशासन आंख बंद कर बैठा है। एक ओर हर साल टैक्स वसूली की जा रही है, लेकिन सुविधाएं नहीं दी जा रही हैं। - **मो मंजर हुसैन**

■नगर निगम के अधिकारी और ठेकेदारों ने सड़क को प्रयोगशाला बना दिया है, जब देखो नाली और सड़क बनाने के लिए काम लगाया जाता है, एक दो माह काम होता है, फिर बंद कर दिया जाता है, लोग परेशान हो चुके है। - **सरफराज अंसारी**

मुख्य सड़क पर देंगे धरना

सड़क बनाने के लिए नगर निगम ने ठेका किया, लेकिन वार्ड के पार्षद को भूमि पूजन तक में नहीं बुलाया गया है। सड़क को लेकर 4 बार मैंने निगम के अधिकारियों को पत्राचार किया है, लेकिन हर बार कोई नया बहाना बनाया जाता है, एक हफ्ते के भीतर काम शुरू नहीं होने पर रहवासियों के साथ मुख्य सड़क पर धरना दिया जाएगा। नगर निगम के अधिकारियों को शहर के नागरिकों की सहुलियतों से कोई सरोकार नहीं है। - **शेख नजरूद्दीन**, पार्षद

नशेड़ियों का अड्डा बन चुका, शाम होते ही छा जाता है अंधेरा

11 करोड़ खर्च, सोलर पैनल शुरू ही नहीं हुआ, ट्रीटमेंट प्लांट बंद पड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर





शहर के तालाबों में पानी भरने के लिए 40 करोड़ रुपए से अधिक की योजना बन चुकी है लेकिन पानी में चला गया है। अरपा पार बीच बस्ती का जोरापारा तालाब और हेमूनगर में जरूर कुछ काम दिखते हैं लेकिन जरहाभाठा के जतिया तालाब के सौंदर्यीकरण पर 11 करोड़ रुपए खर्च करने के बावजूद वह सूखा पड़ा है। इस तालाब में एक फीट पानी भी नहीं है। यह तालाब नशेड़ियों का अड्डा बन चुका है। शाम होते ही पूरी तरह अंधेरा छा जाता है। सोलर पैनल तो आज तक चालू ही नहीं हो सका है। तालाब में नाली का पानी जा रहा और पूरा क्षेत्र बदबू से परेशान हैं।

■ जतिया तालाब में नाली का पानी भरा जा रहा

नगर निगम की सीमा वृद्धि के बाद निगम एरिया के अंतर्गत 117 तालाब आते हैं, परंतु अधिकांश तालाब सफाई को तरस रहे हैं। उच्चाधिकारियों द्वारा सारा पैसा गिने चुने तालाबों पर ही फूंक दिया जा रहा है। हाल यह है कि जहां जल स्त्रोत नहीं है, वैसे तालाबों को सौंदर्यीकरण के लिए चुना गया। जिन तालाबों में नालों का पानी जाता था और पारंपरिक पैठू की पद्धति से पानी साफ होता था, उस सिस्टम को पूरी तरह उलट दिया गया। रियूज वॉटर के नाम पर सीमित क्षमता के ट्रीटमेंट प्लांट लगाकर कागजों में खानापूर्ति की गई। सच्चाई यह है कि करोड़ों रुपए खर्च करने के बावजूद तालाब पानी को तरस रहे हैं।

जल स्रोत नहीं था तो योजना बनी क्यों

जतिया तालाब की बात करें तो सरोवर धरोहर योजना के अंतर्गत 2017-18 में इस तालाब के विकास पर 2 करोड़ रुपए खर्च किए गए। इसके बाद बिलासपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने 7 करोड़ रुपए खर्च कर इसे संवारने की कोशिश की लेकिन हुआ कुछ नहीं। तालाब के एक कोने को छोड़कर पूरा तालाब सूखा पड़ा है। यहां भी नाली का पानी जा रहा है। बड़ा सवाल यह है कि जहां जल स्रोत नहीं था, वहां तालाब के विकास की योजना किस आधार पर बना दी गई। ध्यान रहे कि शहर में तालाबों के विकास के नाम पर पहले 15 करोड़ रुपए खर्च किए जा चुके हैं। इसके बाद 26.60 करोड़ की योजना पर और काम हुआ लेकिन इसके बाद भी तालाब नहीं संवरे।

12 एकड़ का तालाब सूखा पड़ा है

यहां के लोगों ने बताया कि जतिया तालाब 12 एकड़ में फैला है। बारिश के दिनों में जब लबालब हो जाता था, तो उसकी मेड़ को बंद कर दिया जाता था। तालाब में तिफरा की ओर से बरसात का पानी आता था। इसके अतिरिक्त नालों का भी पानी आता था, जो पैठू से होकर साफ पानी बड़े तालाब में जमा होता था। इस जल राशि के चलते पूरे वार्ड में गर्मियों तक जल स्तर बना रहता था। जब से लेकिन तालाब के विकास की योजना बनाई गई, तालाब सूखा पड़ा है। तालाब को कैसे भरेंगे? कोई अधिकारी नहीं बता पा रहा है। इसके बाद तालाब में पानी भरने के लिए सीमित क्षमता का सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाया गया। यह भी बंद पड़ा है। इसकी क्षमता 2 एमएलडी है।

जानकारी ली जाएगी

तालाबों के सौंदर्यीकरण पर पूरा ध्यान दिया जा रहा है। जतिया तालाब में क्या परेशानी है इसकी जानकारी अधिकारियों से ली जाएगी। नाली का पानी फेंकना गलत है। इसे साफ करना होगा।

- प्रकाश कुमार सर्वे, निगम आयुक्त

पैसे के लेन-देन के विवाद पर शराब में सुहागा मिलाकर किया मर्डर

हरिभूमि न्यूज : जांजगीर-चांपा



पामगढ़ में शराब से दो मौत का खुलासा हो गया है। पैसे के लेन-देन के विवाद पर शराब में सुहागा मिलाकर वारदात को अंजाम दिया गया था। पुलिस ने आरोपी गिरफ्तार कर लिया है। मामले में पुलिस ने सायबर तकनीक का सहारा लेने के साथ ही घटना स्थल का रि-किएशन भी किया। आरोपी की निशानदेही पर शराब की खाली बोतल और सुहागा की पुड़ीया घटना स्थल के पास से जप्त की गई है।

नगर पंचायत पामगढ़ के पार्षद रामखिलावन जांगड़े और निजी क्लिनिक संचालक जोहित खरे की 23 अक्टूबर की रात शराब पीने के बाद तबियत बिगड़ी। दोनों को बिलासपुर अस्पताल भेजा गया जहां उनकी मौत हो गई। जांच में पुलिस पता चला कि राजा खरे ने भी उनके साथ शराब पी थी और राजा खरे का जोहित खरे के साथ पैसे के लेन देन का विवाद था। हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर राजा खरे ने अपना गुनाह कबूल कर लिया।

राजा खरे ने 4 माह पहले जोहित खरे से 10 लाख रूपये उधार में लिये थे। वह उधारी नहीं चुका पा रहा था और तगादे से परेशान हो चुका था। इसीलिए उसने जोहित खरे को मारने के लिए शराब में सुहागा मिलाकर दिया, लेकिन पार्षद रामखिलावन जांगड़े ने भी उसी बोतल की शराब पी ली, जिससे दोनों की मौत हो गई। मामले का खुलासा करते हुए एस पी विजय पाण्डेय ने बताया कि जोहित खरे की बेटी से पूछताछ कर पता चला कि जोहित खरे और रामखिलावन जांगड़े 23 अक्टूबर को शाम 5 बजे घूमने निकले थे। शाम लगभग 7:30 बजे मनीषा खरे को फोन के माध्यम से सूचना मिली कि उनके पिता जोहित खरे एवं रामखिलावन जांगड़े की तबियत बहुत खराब है और अस्पताल में है। अस्पताल पहुंच कर मनीषा खरे द्वारा अपने पिता जोहित खरे से पूछताछ करने पर पता चला कि पनगांव के राजा उर्फ कमलनाथ खरे द्वारा धोखे से शराब में कुछ मिलाकर पिलाने के बाद से दोनो की तबियत बहुत खराब हुई है। पुलिस द्वारा तत्काल मुखबीर तैनात कर राजा उर्फ कमलनाथ खरे को पकड़ा गया। हिरासत में लेकर पूछताछ के दौरान राजा खरे ने अपना गुनाह कबूल कर लिया। उसने पुलिस को बताया कि जोहित लाल खरे से 4 माह पूर्व 10 लाख रूपये उधार में लिये थे। पैसे के लिए जोहित खरे लगातार राजा खरे को तगादा करता था, जिससे दोनों के बीच विवाद चल रहा था। इसीलिए उसने शराब में सुहागा मिलाकर दे दिया। आरोपी राजा खरे के निशानदेही पर खाली शराब का बोतल और सुहागा की पुड़िया को घटना स्थल के पास से जप्त किया गया। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

एयरपोर्ट को लेकर समिति का उल्टा मार्च आज

बिलासपुर। सर्वसुविधा युक्त एयरपोर्ट निर्माण और महानगरों तक सीधी उड़ान को लेकर हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति द्वारा उल्टा मार्च निकाला जाएगा।

■ बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट को नहीं मिला है 4 सी एयरपोर्ट का तमगा

सोमवार को आंदोलन की सातवीं वर्षगांठ पर सुबह 11 बजे धरना स्थल राघवेंद्र राज सभा भवन से कलेक्ट्रोरेट के बीच अनूठा विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। जिसमें कार्यकर्ता उल्टा चलकर कलेक्ट्रोरेट तक मार्च करेंगे। इस प्रदर्शन को जिला अधिवक्ता संघ, मर्चेंट एसोसिएशन, मॉल धक्का व्यापारी संघ, जिला उद्योग संघ, आईएमए, होटल एसोसिएशन, क्रिकेट संघ, हॉकी संघ, रेलवे मेंस कांग्रेस समेत विभिन्न राजनीतिक दलों और छात्र संगठनों से समर्थन मिल चुका है। तय कार्यक्रम के तहत कार्यकर्ता राघवेंद्र राव सभा



पर सुबह 11 बजे एकत्र उल्टी रैली निकालेगें। कार्यक्रम में जिला कलेक्टर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम पर ज्ञापन सौंपा जाएगा। गौरतलब है कि 7 साल पहले आंदोलन की शुरूआत की गई थी, जिसके बाद मार्च 2021 से बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट पर व्यवसायिक फ्लाइट संचालित की गई थी, परंतु रनवे की लंबाई महज 1500 मीटर होने के कारण छोटे विमान का परिचालन किया जा रहा है। 4 सी एयरपोर्ट नहीं होने का खामियाजा यहां के लोगों को भुगतना पड़ रहा है, बड़ी एयरलाइंस कंपनी अपनी सेवा देने से पीछे हट चुकी है। रनवे की लंबाई 2800 मीटर करने जमीन उपलब्ध होने के बाद भी अधिकारियों की लापरवाही चरम पर पहुंच चुकी है।

एटीसी टावर, नया टर्मिनल भवन,महानगरों तक तक सीधी उड़ान जैसी मांगे अभी भी अधूरी है। रविवार को आयोजित कार्यक्रम में मनोज श्रीवास, रवि बनर्जी, विभूतिभूषण गौतम, बद्री यादव, प्रतीक तिवारी, शिरीष कश्यप, समीर अहमद, मजहर खान, गोपी राव, प्रकाश बहरानी,केशव गोरख, मोहन जायसवाल, विजय वर्मा, सुदीप श्रीवास्तव शामिल रहे।

विंटर शेड्यूल की पहली फ्लाइट पहुंची

अलायंस एयर ने अपने विंटर शेड्यूल में हफ्ते के 4 दिन यानी सोमवार, बुधवार, शुक्रवार के साथ रविवार के लिए फ्लाइट की घोषणा की है। विंटर शेड्यूल 25 अक्टूबर से 27 मार्च तक के लिए जारी किया गया है, जिसके तहत दिल्ली और कोलकाता की फ्लाइट रविवार को बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट पहुंची थी। रविवार को फ्लाइट सुबह 9.50 मिनट पर दिल्ली से प्रयागराज और प्रयागराज से सुबह 11.35 बजे बिलासपुर पहुंची। कोलकाता से फ्लाइट दोपहर 1.30 बजे बिलासपुर लैंड हो सकी और वहीं 1.55 बजे दोबारा बिलासपुर से उड़ान भर कर 4.10 को कोलकाता में लैंड कराई गई। विंटर शेड्यूल के अनुसार सोमवार को दिल्ली से बिलासपुर 10.55 मिनट में पहुंचा जा सकेगा, वहीं यह फ्लाइट अंबिकापुर 12.5 बजे पहुंचेगी। साथ ही अंबिकापुर से दिल्ली पहुंचने में करीब ढाई घंटे का समय लगेगा और दोपहर 3 बजे दिल्ली पहुंचा जा सकेगा। इसी प्रकार बुधवार को फ्लाइट दिल्ली-बिलासपुर-अंबिकापुर और दिल्ली के लिए चलेगी। शुक्रवार को दिल्ली की फ्लाइट 10.35 बजे बिलासपुर पहुंचेगी, इसके साथ ही बिलासपुर से प्रयागराज और प्रयागराज से दिल्ली के लिए उड़ान भरेगी।

चोरी की तीन एक्टिवा सहित युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



जब्त एक्टिवा व आरोपी।

एसीसीयू टीम ने एक युवक को पकड़कर उसके पास से चोरी की 3 एक्टिवा जब्त किया है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।

शहर में लगातार बढ़ी संख्या में बाइक व एक्टिवा चोरी हो रही है। उच्च अधिकारियों ने एसीसीयू टीम को चोरों को पकड़ने का आदेश दिया गया। टीम चोरों की पतासाजी में लगी हुई थी। मुखबिर की सूचना पर सकरी अटल आवास निवासी अरविंद दिवाकर पिता दानी दिवाकर को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। कड़ाई बरतने पर उसने 15 मई को उसलापुर रेलवे स्टेशन, 19 अक्टूबर को राजेनद्रनगर किरण कुंज हास्टल, 24 सितंबर को तेलीपारा क्षेत्र से एक्टिवा चोरी करना बताया। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर चोरी की 3 एक्टिवा जब्त कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

आठ साल की मासूम से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

शिवरीनारायण। शिवरीनारायण थाना क्षेत्र में 8 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। घटना के बाद पीड़ित बच्ची को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है। मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 55 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी पर 8 वर्षीय बच्ची को अपने घर की छत पर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म करने का आरोप है। घटना की जानकारी सामने आने के बाद बच्ची को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। फिलहाल बच्ची चिकित्सकों की निगरानी में है। मामले की सूचना मिलने पर शिवरीनारायण पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी छोटेलाल साहू (55 वर्ष) को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। पुलिस घटना से जुड़े तथ्यों की जांच कर रही है।

नगर सैनिक से कार सवार युवकों ने की गाली गलौज

बिलासपुर। ट्रैफिक जाम होने पर वाहनों को हटा रहे नगर सैनिक से कार सवार दो युवकों ने गाली गलौज कर हुज्जबाजी की। पुलिस ने कार सवार युवकों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। शनिवार की रात रामसेतु से हुण्डई चौक तक ट्रैफिक जाम हो गया था। चौक पर ड्यूटी कर रहा ट्रैफिक नगर सैनिक केबी सिंह हुण्डई चौक में वाहनों को हटवा रहा था। इसी दौरान मुक्तिधाम की ओर से आ रहे कार सवार दो युवक भी जाम में फंस गए। उनकी कार नगर सैनिक के पास पहुंची तो दोनों युवकों ने उससे गाली गलौज की। नगर सैनिक ने विरोध किया तो दोनों युवक सीपत चौक की ओर कार लेकर गए, वहां सड़क किनारे खड़े कर फिर से पैदल आए और नगर सैनिक के साथ गाली गलौज करते हुए हुज्जतबाजी करने लगे। नगर सैनिक ने सरकण्डा ट्रैफिक पेट्रोलिंग पार्टी को सूचना दी। पेट्रोलिंग पार्टी के पहुंचने के पहले कार लेकर दोनों युवक भाग गए थे। भागते समय से नगर सैनिक ने कार व दोनों युवकों की मोबाइल में फोटो ले ली थी। नगर सैनिक केबी सिंह ने घटना की रिपोर्ट सरकण्डा थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर कार सवार अज्ञात दो युवकों के खिलाफ बीएनएस की धारा 132, 296, 3, 5, 351, 3 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

बसंतपुर-भटगांव मार्ग पर सड़क के बीच जमा नाली का पानी

राज मार्ग पर जानलेवा गड्ढा, हादसों का बढ़ा खतरा

हरिभूमि न्यूज : बिर्रा



लोक निर्माण विभाग संभाग जांजगीर-चांपा के अंतर्गत ग्राम पंचायत बिर्रा के बसंतपुर-भटगांव मार्ग पर राज्य मार्ग की बदहाल स्थिति वाहन चालकों के लिए मुसीबत बन गई है। सड़क के बीचोंबीच तालाबनुमा बड़ा गड्ढा बन गया है, जिसमें नाली का पानी भरने के कारण उसकी गहराई का अंदाजा लगाना मुश्किल हो गया है। ऐसे में यहां से गुजरने वाले वाहन चालक आए दिन दुर्घटना के खतरे का सामना कर रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार इस गड्ढे में गिरने से कई मोटरसाइकिल सवार घायल हो चुके हैं।

गौरतलब है कि जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत बिर्रा के बसंतपुर-भटगांव मार्ग पर सड़क की स्थिति लंबे समय से परेशानी का कारण बनी हुई है। सड़क के बीच बने बड़े गड्ढे में नाली का पानी भरा होने से वाहन चालकों को यह दिखाई नहीं देता। खासकर मोटरसाइकिल सवारों के लिए यहां से गुजरना बेहद जोखिम भरा हो गया है। अचानक गड्ढे में पहिया पड़ने से वाहन अनियंत्रित हो जाते हैं और चालक दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि सड़क पर बने इस गड्ढे के कारण अब तक कई लोग गिरकर चोटिल हो चुके हैं। इसके बावजूद संबंधित लोक निर्माण विभाग द्वारा इसकी मरम्मत कराने की दिशा में ठोस पहल नहीं किए जाने से लोगों में नाराजगी है। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क की इस गंभीर समस्या के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारी ध्यान नहीं दे रहे हैं, जबकि किसी बड़ी दुर्घटना की आशंका लगातार बनी हुई है। बसंतपुर-भटगांव मार्ग से प्रतिदिन आवागमन करने वाले वाहन चालकों को इस गड्ढे के कारण परेशानी उठानी पड़ रही है। नाली का पानी भरा होने से दिन के समय भी गड्ढे की वास्तविक स्थिति का पता लगाना मुश्किल होता है।

बावन परी का दांव लगाते आधा दर्जन जुआरी चढ़े पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



जुआ-सट्टा पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस टीम ने दो स्थानों पर दबिश देकर छह जुआरियों को पकड़ा है। जुआरियों के कब्जे से 17 हजार रुपए बरामद किए गए है। मुलमुला पुलिस ने तीन जुआरियों से 72 सौ रुपए तो बलौदा पुलिस ने तीन जुआरियों से 10 हजार 3 सौ रुपए बरामद किए है।

पहली कार्रवाई में मुलमुला पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम मुलमुला में बरछा के पास दबिश दी। मौके पर काटपत्ती नामक जुआ खेल रहे तीन जुआरियों को पकड़ा गया। कार्रवाई के दौरान कुछ जुआरी मौके से भाग निकले। पुलिस के कब्जे में आए तीनों जुआरियों से 7,220 रुपये नकद जब्त किए गए। वहीं मौके से 52 पत्ती ताश, एक बोरी और एक मोमबत्ती बरामद की गई। पकड़े गए जुआरियों में मुलमुला निवासी रामगोपाल धीवर (32 वर्ष), दुष्यंत कश्यप (44 वर्ष) और अमरकांत सिंह (55 वर्ष) शामिल है। इसी तरह दूसरी कार्रवाई में बलौदा पुलिस ने बुडगहन जंगल मे जुआ खेलते 3 जुआरियों को पकड़ा है। ग्राम बुडगहन जंगल के पास घेराबंदी कर उतरदा थाना हरदीबाजार जिला कोरबा निवासी सत्यप्रकाश पटेल पिता बाबूलाल पटेल उम्र 32 वर्ष, पुरानी बस्ती जांजगीर थाना जांजगीर निवासी आनंद कुमार राठौर पिता अरूण कुमार उम्र 29 वर्ष, उतरदा थाना हरदीबाजार जिला कोरबा निवासी इन्द्रमणी यादव पिता जमूना प्रसाद यादव उम्र 36 वर्ष निवासी को पकड़ा गया। जुआरियों के कब्जे से 10 हजार 300 रूपये बरामद कर जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम तहत कार्यवाही की गई।

खबर संक्षेप



तरुण जिला संयोजक तो विपिन बने सह संयोजक

कोरबा। छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के जिला इकाई का संगठनात्मक चुनाव शांतिपूर्ण और सर्वसम्मति से संपन्न हुआ। जिले के विभिन्न कर्मचारी-अधिकारी संगठनों के जिला अध्यक्षों की उपस्थिति में हुई बैठक में आपसी तालमेल और सहमति से तरुण राठौर को जिला संयोजक और विपिन यादव को सह-संयोजक चुना गया है। चुनाव प्रक्रिया प्रदेश अध्यक्ष रोहित तिवारी की मौजूदगी में पूरी हुई। उन्होंने बताया कि चुनाव पूरी तरह से शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ। सभी संगठनों ने एकजुटता दिखाते हुए नई नियुक्तियों पर सहमति जताई है। नवनियुक्त जिला संयोजक तरुण राठौर और सहसंयोजक विपिन यादव से अपेक्षा की जा रही है कि वे संगठन को और अधिक मजबूत करेंगे तथा जिले के सभी कर्मचारी-अधिकारी संगठनों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर उनकी मांगों और समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाएंगे।

दिव्यांगों की प्रेरणा कार्यक्रम का किया गया आयोजन



कोरबा। एनकेएम लायंस पब्लिक स्कूल में रविवार को स्व नितेश कुमार अग्रवाल की छठवीं पुण्यतिथि पर दिव्यांगों की प्रेरणा कार्यक्रम एवं निःशुल्क रक्त, ब्लड प्रेशर, मधुमेह जॉच एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन पीएमजेएफ लायन रिपुदमन पुसरी के मुख्य आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पीएमजेएफ लायन सुधा मारदा तथा मोहम्मद सादिक शेख उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता लायन दर्शन अग्रवाल एवं लायन खूशबू आशीष अग्रवाल ने की। लायंस पब्लिक स्कूल एवं शिवाय हास्पिटल कोरबा के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित निःशुल्क रक्त, ब्लड प्रेशर, मधुमेह जॉच एवं स्वास्थ्य शिविर ने आयोजन को सेवा और जनकल्याण की दृष्टि से विशेष महत्व प्रदान किया। उक्त शिविर में लगभग 3 सौ से अधिक लोग लाभान्वित हुए। कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चो द्वारा विभिन्न प्रकार के विद्याओ की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में छाया डनसेना प्रथम स्थान प्राप्त किया। उक्त कार्यक्रम में लायंस क्लब कोरबा गुरूकुल द्वारा सभी प्रतिभागियों को दीपावली के अवसर पर नये कपड़े प्रदान किये गये। कार्यक्रम में लायन भारती तिवारी, लायन कुसुम सोमानी, लायन मोहन सिंह छाबड़ा, लायन मनोज गुप्ता जोन चेयरमेन, लायन सुरेन्द्र कुमार डनसेना, लायन सुभाष चंद अनंत सहित अन्य लायन सदस्य, छात्रगण, अभिभावक एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत शपथ कार्यक्रम



हरदीबाजार। शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय में 24 अक्टूबर को स्वच्छता ही सेवा अभियान 2026 के अंतर्गत स्वच्छता शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं महाविद्यालयीन कर्मचारियों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता विकसित करना तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण के निर्माण के लिए प्रेरित करना था।इस अवसर पर डॉ. केके दुबे ने स्वच्छता के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वच्छता केवल व्यक्तिगत जिम्मेदारी नहीं, बल्कि सामूहिक दायित्व भी है। उन्होंने स्वच्छता को दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने, कचरे का उचित निपटान करने तथा अपने घर, महाविद्यालय और आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जनभागीदारी से ही स्वच्छ एवं स्वस्थ समाज का निर्माण संभव है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती अंजली ने उपस्थित प्राध्यापकों, एवं विद्यार्थियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। सभी ने अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने, सार्वजनिक स्थलों को साफ रखने, स्वच्छता के प्रति सजग रहने तथा अन्य लोगों को भी स्वच्छता के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया।

पृष्ठ 1 का शेष

छोटे रेलवे स्टेशन...

बढ़ाने की दिशा पर भी कार्य हो रहा है। कोरबा औद्योगिक क्षेत्र होने के कारण रेलवे कारिडोर तैयार करने की दिशा पर भी बढ़े प्रोजेक्ट पर काम चल रहा है। अधोसंरचना के क्षेत्र में चल रहे कार्यों की वजह से अभी छोटे रेलवे स्टेशनों का स्वरुप बदला हुआ नजर आएगा।

कर्मा नृत्य, मादर-झांझ और जसगीतों के साथ निकाली गई विसर्जन यात्रा

मड़वारानी में हवन अनुष्ठान के साथ किया गया ज्योति कलश विसर्जन



कलश की पूजा अर्चना करती महिलाएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आदि शक्ति पर्वतवासिनी मां मड़वारानी पहाड़ ऊपर मंदिर में शनिवार को शारदीय नवरात्रि के समापन अवसर पर मां मड़वारानी सेवा एवं जनकल्याण समिति के तत्वावधान में विधि-विधान के साथ हवन-पूजन, कन्या भोज एवं प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। धार्मिक अनुष्ठान में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त किया।

सुबह 9 बजे हवन-पूजन अनुष्ठान के साथ किया गया। इसके पश्चात कन्या भोज कराया गया तथा दोपहर 2 बजे से श्रद्धालुओं के बीच भोग-प्रसाद का वितरण किया गया। वहीं, दोपहर 3 बजे ज्योति कलश विसर्जन के लिए माताओं को साड़ी एवं कलश वितरित किए गए। इसके बाद माता रानी के जयकारों और भक्तिमय वातावरण के बीच ज्योति कलश विसर्जन यात्रा निकाली गई। यात्रा में कर्मा नृत्य दल, विभिन्न मंडलियों तथा मादर-झांझ की धुन पर श्रद्धालु माता के भक्ति गीत गाते हुए आगे बढ़े। पूरे मार्ग में भक्तिमय माहौल बना रहा। श्रद्धालु माता रानी के जयकारे लगाते हुए विसर्जन यात्रा में शामिल हुए। विसर्जन यात्रा सोन नदी पहुंची, जहां विधि-विधान के साथ ज्योति कलशों का विसर्जन किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने मां मड़वारानी से क्षेत्र की सुख-समृद्धि, खुशहाली और परिवारों की मंगलकामना की। धार्मिक आयोजन और विसर्जन यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की सहभागिता रही।

दीप जलाकर कर नापते श्रद्धालुओं ने पूरी की यात्रा



मड़वारानी पहाड़ पर पूरी तरह अंधेरा छाया रहने और एक भी स्ट्रीट लाइट चालू नहीं होने के कारण 'कर नापते' हुए माता के दर्शन के लिए पहुंचे श्रद्धालुओं ने स्वयं रास्ते में दीपक जलाकर अपनी यात्रा पूरी की। दीपों की कतारों से रोशन पहाड़ का दृश्य आस्था का प्रतीक बन गया, लेकिन यह तस्वीर प्रशासन की उदासीनता पर भी बड़ा सवाल खड़ा कर गई। नवरात्रि पर्व के दौरान पहाड़ पर बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों की समस्या को लेकर हरिभूमि में समाचार प्रकाशित होने के बाद भी जिम्मेदार विभाग नहीं जागा। रात में दर्शन करने पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को पूरे मार्ग में घने अंधेरे के बीच यात्रा करनी पड़ी। पूर्व में भी रात्रिकालीन यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं का जंगली जानवरों से सामना होने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं, जिससे भय और असुरक्षा का माहौल बना रहता है। अंधेरे से हार मानने के बजाय श्रद्धालुओं ने रास्ते भर दीपक जलाकर अन्य भक्तों के लिए भी रोशनी की व्यवस्था की।

कटघोरा न्यू बस स्टैंड पर बेतरतीब खड़े वाहनों पर पुलिस की कार्रवाई



कार्यवाही करती पुलिस।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

कटघोरा नगर के न्यू बस स्टैंड मुख्य मार्ग पर बेतरतीब तरीके से वाहन खड़े करने के कारण आए दिन जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। त्योहारी सीजन में बाजार में बढ़ती भीड़ और यातायात के दबाव के बीच रविवार दोपहर लगे लंबे जाम के बाद कटघोरा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। पुलिस ने सड़क पर अव्यवस्थित ढंग से खड़े वाहनों के चालकों को फटकार लगाई और मौके से नदारद वाहन चालकों के वाहनों पर स्टैंड व्हील लॉक लगाकर चालानी कार्रवाई की।

गौरतलब है कि कटघोरा नगर से राष्ट्रीय राजमार्ग-130 गुजरता है। इस मार्ग से अंबिकापुर सहित विभिन्न शहरों और अन्य राज्यों के यात्री तथा बसें आवागमन करती हैं। ऐसे में नगर के मुख्य मार्ग पर यातायात का सुचारु संचालन बेहद आवश्यक है। इसके बावजूद बिलासपुर और अंबिकापुर मार्ग पर, विशेषकर न्यू बस स्टैंड के आसपास, सड़क किनारे बेतरतीब तरीके से वाहन खड़े कर दिए जाते हैं। इससे सड़क पर आवागमन बाधित होता है और आए दिन जाम की स्थिति बन जाती है। रविवार दोपहर भी वाहनों की अव्यवस्थित पार्किंग के चलते मुख्य मार्ग पर लंबा जाम लग गया। सूचना मिलने पर कटघोरा थाना प्रभारी राजेश तिवारी, एसआई राजेन्द्र प्रताप सिंह व पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने सड़क पर वाहन खड़े कर यातायात बाधित करने वाले चालकों को कड़ी हिदायत दी। वहीं, वाहन खड़ा कर मौके से चले गए चालकों के वाहनों पर स्टैंड व्हील लॉक लगाकर चालानी कार्रवाई की गई। पुलिस की इस कार्रवाई से वाहन चालकों में हड़कंप मच गया।

श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं और गोवर्धन पर्वत की कथा ने श्रद्धालुओं को किया भावविभोर



कथा सुनते श्रद्धालु।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

नगर के महामाया राइस मिल कारखाना एरिया स्थित प्रांगण में मित्तल परिवार कटघोरा के सौजन्य से आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक उल्लास का वातावरण बना हुआ है। कथा के पांचवें दिवस वृंदावन धाम से पधारे सुप्रसिद्ध कथावाचक आचार्य श्रीकांत त्रिपाठी ने भगवान श्रीकृष्ण की मनोहारी बाल लीलाओं एवं गोवर्धन पर्वत के कथा का वर्णन किया। महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की माखन चोरी, ग्वाल-बालों के साथ वन में विचरण तथा माता यशोदा के साथ उनकी वात्सल्यपूर्ण लीलाओं का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान अपने भक्तों के प्रेम और श्रद्धा से बंध जाते हैं। जहां सच्चा प्रेम, निष्कपट भक्ति और समर्पण होता है, वहां भगवान स्वयं अपने भक्तों पर कृपा बरसाते हैं। श्रीकृष्ण की बाल लीलाएं इस बात का संदेश देती हैं कि जीवन में प्रेम, विश्वास और विनम्रता का विशेष महत्व है। उन्होंने गोवर्धन पर्वत की पावन कथा का विस्तार से वर्णन किया। जब इंद्रदेव ने क्रोधित होकर ब्रज में मूसलाधार वर्षा की, तब भगवान ने गोवर्धन पर्वत को धारण कर समस्त ब्रजवासियों और गौवंश को सुरक्षा प्रदान की। इस प्रसंग से यह शिक्षा मिलती है कि भगवान अपने शरणागत भक्तों की सदैव रक्षा करते हैं और सच्ची श्रद्धा रखने वालों का विश्वास कभी व्यर्थ नहीं जाता। आचार्य श्री ने गोवर्धन लीला के माध्यम से यह भी समझाया कि शक्ति और पद का अहंकार मनुष्य के विवेक को नष्ट कर देता है। इंद्रदेव का अहंकार दूर कर भगवान श्रीकृष्ण ने उन्हें यह संदेश दिया कि किसी भी व्यक्ति को अपनी शक्ति, प्रतिष्ठा अथवा अधिकार पर अभिमान नहीं करना चाहिए। सच्ची महानता विनम्रता, सेवा, परोपकार और दूसरों की रक्षा करने में निहित है।



कथावाचक

मासूम भव्या को न्याय दिलाने कटघोरा में निकला कैंडल मार्च



श्रद्धांजलि देते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष व क्षेत्रवासी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

जिले में 7 वर्षीय मासूम भव्या जोशी की निर्मम हत्या की घटना से लोगों में गहरा आक्रोश और शोक व्याप्त है। इसी कड़ी में कटघोरा के युवाओं ने मासूम बच्ची को न्याय दिलाने की मांग को लेकर कैंडल मार्च निकाला। जयस्तंभ चौक से शुरू हुआ यह मार्च नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए शहीद वीर नारायण चौक पहुंचा, जहां उपस्थित लोगों ने मोमबत्तियां जलाकर दिवंगत भव्या जोशी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान सभी ने दो मिनट का मौन धारण कर मासूम बच्ची की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

कैंडल मार्च में शामिल युवाओं और नगरवासियों ने इस जघन्य अपराध पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की। उपस्थित जनों ने एक स्वर में कहा कि मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट के माध्यम से की जाए, ताकि पीड़ित परिवार को जल्द न्याय मिल सके। साथ ही आरोपी को कानून के तहत शीघ्र कठोरतम सजा दिलाने की मांग उठाई गई। इस अवसर पर कटघोरा नगर पालिका अध्यक्ष राज जायसवाल ने कहा कि मासूम भव्या जोशी के साथ हुई घटना अत्यंत दुखद और निंदनीय है। उन्होंने मांग की कि आरोपी को जल्द से जल्द कानून के अनुसार कठोरतम सजा दिलाई जाए। साथ ही कोरबा जिले में बढ़ते अपराधों पर चिंता जताते हुए पुलिस प्रशासन से अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने और आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की। कैंडल मार्च के दौरान पूरा माहौल गमगीन और आक्रोशपूर्ण नजर आया। लोगों ने कहा कि मासूम बच्ची को न्याय दिलाने के लिए मामले में त्वरित कार्रवाई आवश्यक है, ताकि समाज में अपराध करने वालों के बीच कानून का भय स्थापित हो और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी शेख इश्तियाक, नगर पालिका अध्यक्ष राज जायसवाल, सौरभ धृतलहरे, आकाश शर्मा, जय कंवर, जीतू महंत सहित अन्य युवा एवं नगरवासी उपस्थित रहे।

युवा कांग्रेसी कमेटी ग्रामीण ने भव्या को दी श्रद्धांजलि

गेवरा दीपका। जिला युवा कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के तत्वाधान में रजगामार क्षेत्र की 7 वर्षीय मासूम भव्या को श्रद्धांजलि अर्पित कर एवं न्याय की मांग को लेकर शाम 6 बजे कैंडल मार्च एवं मौन जुलूस निकाला गया। गांधी उद्यान, बुधवारी बाजार दीपका में कैंडल जलाकर 2 मिनट का मौन धारण किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रदेश कांग्रेस सचिव तनवीर अहमद, दिलीप सिंह, विकाश शुक्ला, गोपाल यादव, विशाल शुक्ला, हर्षित देवी, प्रशांति सिंह, कमलेश जायसवाल, आकाश साहू, केदार सिंह,भरत मिश्रा, रहमान खान, बालेंद्र सिंह, अनीता तिवारी,मो रसूल, सोनू केसरवानी, सद्दाम शेख, जुनैद अख्तर, अमीर हुसैन, शनि देव, सतबीर निर्मलकर, जाहिद खान, पुरातन दस, सूरज सोनवानी, अली, इब्राहिम, सतीश, नबी, राजा, इमरान, गुलाम, कमल, सोहेल, आफताब, अनुराग, अरबाज, अभिषेक, फैज, राजेंद्र , इजहार, नूर, सोहेब, पार्वती, संध्या, नायसा उपस्थित रहे।



एसईसीएल में ओबीसी एसोसिएशन का बड़ा फेरबदल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल में ओबीसी कर्मचारियों के संगठन को लेकर बड़ा संगठनात्मक बदलाव सामने आया है। बैकवर्ड क्लास कोल एम्प्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन ने 24 अक्टूबर से अपनी पूर्व केंद्रीय कमेटी को भंग करते हुए नई केंद्रीय कमेटी के गठन की घोषणा की है। संगठन की ओर से इस संबंध में एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक को आधिकारिक पत्र भेजकर नई टीम की जानकारी दी गई है। नई कमेटी में कोरबा क्षेत्र में कार्यरत सुभाष सिंह को अध्यक्ष बनाया गया है। संगठन के इस फैसले के बाद अब नई टीम के सामने कर्मचारियों से जुड़े मुद्दों को प्रबंधन के समक्ष प्रभावी ढंग से रखने की जिम्मेदारी होगी।

एसोसिएशन के राष्ट्रीय महासचिव जय बहादुर सिंह यादव की ओर से जारी पत्र में नई केंद्रीय कमेटी के आठ पदाधिकारियों के नाम और जिम्मेदारियों का उल्लेख किया गया है। संगठन में ताराचंद यादव को प्रभारी, सुभाष सिंह को अध्यक्ष, गोपाल यादव और नंद किशोर साहू को उपाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं दिलीप मंडल को सचिव, राजेश सिंह को कोषाध्यक्ष तथा बी.एल. महंत और संजय साहू को संयुक्त सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। नई टीम में एसईसीएल के विभिन्न कार्यक्षेत्रों से जुड़े प्रतिनिधियों को शामिल किया गया है। इससे संगठन की गतिविधियों और कर्मचारियों से संबंधित विषयों को अलग-अलग क्षेत्रों से सामने रखने की जिम्मेदारी इन पदाधिकारियों पर रहेगी।

खास बात

- पुरानी केन्द्रीय कमेटी भंग, नई टीम में सुभाष सिंह को मिली अध्यक्ष की जिम्मेदारी

कोरबा क्षेत्र को मिला प्रतिनिधित्व

नई केंद्रीय कमेटी में कोरबा क्षेत्र के सुभाष सिंह को अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिलना जिले के लिए महत्वपूर्ण संगठनात्मक घटनाक्रम है। एसईसीएल के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत पदाधिकारियों को शामिल कर कमेटी का गठन किया गया है। पत्र में जमुना कोतमा, कोरबा, गेवरा, ढेलवाडीह, भटगांव, कुसमुंडा और एसईसीएल मुख्यालय से जुड़े प्रतिनिधियों का उल्लेख है।

कर्मचारियों की समस्याओं पर प्रबंधन के साथ होगी चर्चा

नई कमेटी के गठन के साथ ही एसोसिएशन ने एसईसीएल प्रबंधन से सहयोग की अपेक्षा जताई है। संगठन ने आग्रह किया है कि नई केंद्रीय कमेटी के पदाधिकारियों के साथ पूर्व की भांति बैठक आयोजित कर कर्मचारियों की समस्याओं पर चर्चा की जाए। इसके साथ ही पहले से संचालित व्यवस्थाओं में एसोसिएशन की भागीदारी को सुचारू रूप से जारी रखने के लिए भी सहयोग मांगा गया है।

बांकीमोंगरा पालिका अध्यक्ष ने चौपाल लगाकर वार्डों का निरीक्षण कर समाधान का दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बांकीमोंगरा

नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा की अध्यक्ष श्रीमती सोनी विकास झा के नेतृत्व में वार्डवासियों की समस्याओं को सुनने और उनका निराकरण करने के उद्देश्य से जनसंवाद चौपाल कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसी कड़ी में वार्ड क्रमांक 30 के बाद वार्ड क्रमांक 19 कुचेना में जनसंवाद चौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान पालिका अध्यक्ष ने वार्डवासियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा स्वयं वार्ड का निरीक्षण कर मौके पर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। वहीं, कई समस्याओं का तत्काल निराकरण किया गया, जबकि शेष समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

जनसंवाद चौपाल के दौरान वार्डवासियों ने मुख्य रूप से स्ट्रीट लाइट, जर्जर सामुदायिक भवन, बोर खनन और नाली निर्माण जैसी समस्याओं को पालिका अध्यक्ष के समक्ष रखा। इनमें स्ट्रीट लाइट की समस्या प्रमुख रूप से सामने आई। इस पर श्रीमती झा ने तत्परता दिखाते हुए पालिका के विद्युत विभाग के कर्मचारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके बाद वार्ड के विभिन्न स्थानों पर तत्काल स्ट्रीट लाइट लगाई गई, जिससे स्थानीय नागरिकों को राहत मिलने की उम्मीद है। वहीं, वार्डवासियों ने जर्जर सामुदायिक भवन का जीर्णोद्धार कराए जाने की मांग रखी, ताकि इसका उपयोग सामाजिक एवं सामुदायिक कार्यक्रमों के लिए बेहतर तरीके से किया जा सके। इसके अलावा पेयजल की सुविधा को बेहतर बनाने के लिए बोर खनन तथा जल निकासी की समस्या दूर करने के लिए नाली निर्माण की मांग भी उठाई गई। पालिका अध्यक्ष ने संबंधित अधिकारियों को इन कार्यों के संबंध में आवश्यक निर्देश देते हुए सामुदायिक भवन का जीर्णोद्धार कराने तथा बोर खनन और नाली निर्माण की प्रक्रिया जल्द आगे बढ़ाने का आश्वासन दिया। जनसंवाद चौपाल के दौरान पालिका अध्यक्ष श्रीमती सोनी विकास झा ने कहा कि नगर के प्रत्येक वार्ड में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना और नागरिकों की समस्याओं का निराकरण करना पालिका की प्राथमिकताओं में शामिल है।



वार्डवासियों के साथ उपस्थित नगर पालिका अध्यक्ष।

नील मैदान में पूर्व मंत्री ने किया रावण दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



विजयादशमी के पावन अवसर पर दशहरा उत्सव समिति, नील मैदान, सुभाष ब्लॉक, एसईसीएल द्वारा भव्य दशहरा उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने रावण दहन कर उपस्थित जनसमूह को असत्य पर सत्य और बुराई पर अच्छाई की विजय का संदेश दिया। रावण दहन के दौरान मैदान में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। उत्सव को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। विजयादशमी का यह पर्व हमें अहंकार, अन्याय और बुराइयों का त्याग कर सत्य, सदाचार एवं मर्यादा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। इस प्रकार के आयोजन हमारी सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत रखने के साथ ही समाज में आपसी भाईचारे और एकता को भी मजबूत करते हैं। कार्यक्रम में दशहरा उत्सव समिति के अध्यक्ष रौनित कुलदीप सहित गणेश कुलदीप, अशोक लोध, सुनील निर्मलकर, बृजभूषण प्रसाद, कर्मेंद्र, गजेंद्र कश्यप, मिलाप राम, सत्यनारायण, मोहन कर्ष, किशोर यादव, जय टोप्पो, रवि, गोलू टंडन, प्रकाश कुलदीप, राजू, बंटी, करण, चंद्रकुमार कर्ष, गोलू सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।



खबर संक्षेप



जिला पंचायत अध्यक्ष ने ग्रामीणों के साथ सुनी मन की बात

बिंझरा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात के 139वें संस्करण को बूथ क्रमांक 181 बिंझरा में जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार सिंह जी ने ग्रामीणजनों के साथ सुना। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार सिंह ने ग्रामीणजनों के साथ प्रधानमंत्री के विचारों एवं प्रेरणादायी संदेशों को सुना। उन्होंने कहा कि मन की बात कार्यक्रम देश की प्रतिभाओं, जनभागीदारी, सामाजिक जागरूकता और राष्ट्र निर्माण के प्रयासों को नई पहचान देने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी के संदेशों से प्रेरणा लेकर हम सभी को स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने, स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने, पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने तथा समाज के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लेना चाहिए। इस अवसर पर किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष विष्णु यादव, मनोज डिक्सेना, श्रीमती अनीता यादव, सुरेश यादव, रुपेश शांडिल्य, श्रीमती प्रेमलता, श्रीमती इन्दुमती एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

निरीक्षण नहीं होने से आंगनबाड़ी केंद्रों में चल रही मनमानी



चैतमा। पाली विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत मानिकपुर के अंतर्गत कुल सात आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हैं। जिसमें से तीन आंगनबाड़ी केंद्रों का भवन न होने के कारण प्राइवेट घरों में लगाया जाता है। बीते दिनों साजाबहरी में संचालित चार आंगनबाड़ी में से दो केंद्र बंद पाया गया। कोदवारीपारा स्थित आंगनबाड़ी में एक भी बच्चे नहीं थे, केवल सहायिका उपस्थित थे। इसी प्रकार साजाबहरी के डुग्गूपारा स्थित आंगनबाड़ी जर्जर होने के कारण कार्यकर्ता द्वारा अपने घर में लगाया जाता है किंतु वहां भी एक बच्चे उपस्थित नहीं थे। इसी प्रकार सरईभाटा आंगनबाड़ी बंद था। मानिकपुर के डुग्गूपारा स्थित आंगनबाड़ी जिसमें खुसरोपारा एवं डुग्गूपारा दोनों जगह का एक ही भवन में संचालित होता है जहां गिनती के 8-10 बच्चे उपस्थित थे। खुसरोपारा का आंगनबाड़ी भवन पिछले साल से आधा अधूरा पड़ा। मानिकपुर के वचन कंवर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता जो अनुपस्थित थी। यहां दर्ज संख्या 17 है जिनमें से 14 उपस्थित थे। इसी प्रकार साजाबहरी में स्थित आंगनबाड़ी सुनीता यादव के आंगनबाड़ी में दर्द संख्या 17 में 14 बच्चों की उपस्थित थी।

आशासकीय विद्यालय संघ दीपका की बैठक होगा तीन दिवसीय खेलकूद महोत्सव



दीपका। आशासकीय विद्यालय संघ दीपका के तत्वावधान में आयोजित होने वाले तीन दिवसीय खेलकूद कार्यक्रम को लेकर संघ से जुड़े समस्त विद्यालयों की बैठक संपन्न हुई। बैठक में आगामी खेलकूद आयोजन की तैयारियों एवं विभिन्न व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की गई। संघ द्वारा आयोजित तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन 2, 3 एवं 4 नवंबर को प्रगतिनगर स्टेडियम, दीपका में किया जाएगा। इस आयोजन में दीपका एवं आसपास के क्षेत्रों के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थी अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता में 9 विद्यालयों के छात्र छात्राएं हिस्सा लेंगे जिनमें राधेय विद्यापीठ इंग्लिश मीडियम स्कूल, छत्तीसगढ़ पब्लिक स्कूल, कलचुरी पब्लिक स्कूल, सर्वमंगला विद्यालय, ईस्ट पॉइंट इंग्लिश मीडियम स्कूल, रामकृष्णा पब्लिक स्कूल, ज्ञान विज्ञान पब्लिक स्कूल, आरएन इंग्लिश स्कूल एवं एसजीएम स्कूल देवनगर दीपका शामिल हैं।

साजापानी में बेबी एलीफेंट की ग्रामीणों वन कर्मियों के साथ मनी छट्ठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मड़वारानी

प्रकृति और मानव के अनोखे संबंध की एक बेहद भावुक और सुंदर तस्वीर सामने आई है। करतला वन परिक्षेत्र के ग्राम साजापानी में कुछ दिन पूर्व जन्में एक नन्हें बेबी एलिफेंट का रविवार को पूरे विधि विधान से छट्ठी मनाई गई। इसके लिए आधा दर्जन से अधिक गांव के लोगों को आमंत्रित किया गया था। मां काशीरानी प्रांगण में छट्ठी मनाया गया। सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए गांव भर के लिए भोज का आयोजन किया गया। इस दौरान कोरबा वनमंडल के एसडीओ मणिशंकर वर्मा उपस्थित रहे। बेबी एलीफेंट का नाम काशी रखा गया क्योंकि काशी रानी प्रांगण में जन्मोत्सव मनाया गया।

अलग खबर

आधा दर्जन से अधिक गांव के लोग हुए शामिल



उल्लेखनीय है कि 6 दिन पूर्व कोरबा वनमंडल के करतला वन परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम साजापानी के जंगलों में एक मादा हाथी ने नन्हें शावक को जन्म दिया था। जन्म के बाद से ही यह नन्हा हाथी अपनी मां और दल के 9 अन्य हाथियों के साथ साजापानी तथा आसपास के जंगलों में स्वच्छंद विचरण कर रहा है। हाथियों के इस दल में नन्हें मेहमान की मौजूदगी को लेकर ग्रामीणों में डर के बजाय एक अलग ही उत्साह और आत्मीयता देखने को मिल रही है। यही वजह है कि ग्रामीणों ने यह फैसला लिया था कि नन्हें शावक के जन्म पर 25 अक्टूबर को मां काशीरानी मंदिर के नीचे गौठान टिकरापारा में छठ्ठी कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसके लिए जिला प्रशासन के अफसर, स्थानीय जनप्रतिनिधि व रामभाठा, लबेद, पहाड़गांव, काशींपानी, छातापाठ, जामपानी, भुईचुंवा के ग्रामीणों को आमंत्रित किया गया था।

निगम आयुक्त की ट्रैफिक कंट्रोल प्लानिंग की हो रही तारीफ

पावर हाउस रोड पर जाम से निपटने रातोंरात बना डिवाइडर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पावर हाउस रोड पर जाम का जंजाल और त्योहारों में ट्रैफिक के बढ़ते दबाव को देखते हुए नगर निगम ने समस्या से निपटने के लिए तेजी दिखाई है। शारदा विहार मोड़ से जल संसाधन विभाग के कैनाल पुल तक सड़क पर रातोंरात डिवाइडर का निर्माण कराकर निगम ने यातायात व्यवस्था सुधारने की दिशा में कदम उठाया है। इस पहल को लेकर निगम आयुक्त की ट्रैफिक कंट्रोल प्लानिंग की चर्चा हो रही है। खास बात यह है कि व्यस्त सड़क पर दिन के समय आवागमन बाधित करने के बजाय रात में निर्माण कराया गया ताकि आम लोगों को कम से कम परेशानी हो।

पावर हाउस रोड पर दोपहर से लेकर देर रात तक वाहनों का दबाव बना रहता है। नवरात्र के दौरान भी यहां जाम ने लोगों को परेशान किया था। अब दीपावली की खरीदारी के लिए बाजारों में भीड़ बढ़ने लगी है। ऐसे में समय रहते यातायात व्यवस्था दुरुस्त करना जरूरी हो गया था। ट्रैफिक पुलिस ने इस समस्या को लेकर प्रस्ताव रखा, जिसके बाद नगर निगम ने तेजी से अमल करते हुए शारदा विहार मोड़ से कैनाल पुल तक डिवाइडर बनवा दिया। रातोंरात हुए इस निर्माण से यह संदेश भी गया कि व्यस्त मार्ग पर जरूरी काम कराते समय दिन के यातायात को बाधित होने से बचाने की कोशिश की जा सकती है। इस मार्ग पर वाहनों की लगातार आवाजाही के बीच बेतरतीब मूवमेंट जाम की बड़ी वजह बनता रहा है। डिवाइडर बनने से वाहनों को व्यवस्थित दिशा में चलाने और आमने-सामने की आवाजाही को नियंत्रित करने में मदद मिलने की उम्मीद है। इससे बाजार आने-जाने वाले लोगों के साथ रोजाना इस सड़क का इस्तेमाल करने वाले वाहन चालकों को भी राहत मिल सकती है। जाम के कारण एंबुलेंस और अन्य जरूरी सेवाओं के वाहनों की आवाजाही प्रभावित होने की आशंका भी बनी रहती है। ऐसे में नई व्यवस्था को प्रभावी ढंग से लागू करना महत्वपूर्ण होगा। डिवाइडर के साथ ट्रैफिक पुलिस की निगरानी और सड़क किनारे बेतरतीब पार्किंग पर नियंत्रण भी जरूरी रहेगा।



पॉवर हाउस रोड में चल रहा डिवाइडर निर्माण कार्य।

दीपावली से पहले पहल, अब असर दिखाने की बारी

पावर हाउस रोड पर जाम की समस्या लंबे समय से बनी हुई थी। ऐसे में त्योहार से पहले डिवाइडर निर्माण कराना नगर निगम की ओर से यातायात सुधारने की एक ठोस पहल है। ट्रैफिक पुलिस के प्रस्ताव पर तेजी से काम कराकर निगम ने नई व्यवस्था तैयार की है। अब उम्मीद है कि त्योहारों की भीड़ के बीच इस पहल का लाभ आम नागरिकों को मिल सकेगा। फिलहाल पावर हाउस रोड पर रातोंरात बना डिवाइडर चर्चा में है। आयुक्त की ट्रैफिक कंट्रोल प्लानिंग और निगम की त्वरित कार्रवाई को लेकर तारीफ हो रही है। अब असली कसौटी दीपावली की भीड़ होगी, जब पता चलेगा कि डिवाइडर जाम के जंजाल को कितना कम कर पाता है।

होटल स्टार इन में कथित धर्मांतरण पर बवाल, निष्पक्ष जांच की मांग



होटल में लगी भीड़।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

टीपी नगर स्थित होटल स्टार इन में शनिवार शाम कथित धर्मांतरण और प्रार्थना सभा को लेकर विवाद खड़ा हो गया। होटल में धर्मांतरण की गतिविधियां संचालित होने की सूचना मिलने के बाद बजरंग दल के कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए। इसके बाद होटल परिसर के बाहर जमकर नारेबाजी हुई और माहौल तनावपूर्ण हो गया। मामले की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करने में जुट गई।

जानकारी के अनुसार बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को होटल स्टार इन में प्रार्थना सभा आयोजित होने और कथित धर्मांतरण की गतिविधियां चलने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में कार्यकर्ता होटल पहुंच गए। वहां चल रही प्रार्थना सभा को लेकर उन्होंने आपत्ति जताई और होटल के बाहर नारेबाजी करते हुए मामले की जांच की मांग की। कार्यकर्ताओं का आरोप है कि होटल में कथित तौर पर धर्मांतरण कराया जा रहा था। हालांकि, इन आरोपों की अब तक आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। दूसरी ओर होटल प्रबंधन ने धर्मांतरण के आरोपों को खारिज किया है। प्रबंधन के मुताबिक होटल में लगभग सात परिवार ठहरे हुए हैं और वहां किसी भी प्रकार का अवैध धर्मांतरण नहीं कराया जा रहा है। एक ओर कार्यकर्ता मामले की निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं, तो दूसरी ओर होटल प्रबंधन आरोपों को निराधार बता रहा है। ऐसे में पूरे घटनाक्रम की वास्तविक स्थिति पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।

खास बात

- प्रार्थना सभा को लेकर आमने सामने आए बजरंग दल के कार्यकर्ता और होटल प्रबंधन

मौके पर पहुंची पुलिस, जांच पर टिकी निगाहें

विवाद की सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंचा और स्थिति को संभालने का प्रयास किया। कार्यकर्ताओं ने पुलिस से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है। फिलहाल कथित धर्मांतरण को लेकर लगाए गए आरोपों की पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस संबंधित लोगों से पूछताछ और उनके बयान के आधार पर मामले की जांच कर रही है। होटल के आसपास एहतियाती सुरक्षा व्यवस्था भी बढ़ाई गई है। अब बड़ा सवाल यह है कि होटल में आयोजित प्रार्थना सभा को लेकर उठे विवाद की वास्तविकता क्या है? क्या जांच में धर्मांतरण के आरोपों की पुष्टि होगी या मामला महज आरोप-प्रत्यारोप तक सीमित रहेगा? इन सवालों का जवाब पुलिस की जांच और आधिकारिक बयान के बाद ही सामने आएगा।

सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत ब्लॉक स्तरीय चार चरणों में प्रशिक्षण शुरु

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सूचना का अधिकार अधिनियम के प्रावधानों और आवेदनों के निराकरण की प्रक्रिया से अधिकारियों-कर्मचारियों को अवगत कराने के लिए जिले में ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण 25 से 28 अक्टूबर तक चार चरणों में प्रारंभ किया गया है। प्रशिक्षण में ग्राम पंचायतों, खाद्य विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग तथा अन्य विभागों के नामांकित लोक सूचना अधिकारियों (पीआईओ) एवं प्रथम अपीलीय अधिकारियों (एफएओ) को शामिल किया जाएगा। संबंधित विभागों के नोडल अधिकारी अपने विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों की सहभागिता सुनिश्चित करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 25 अक्टूबर को पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत ग्राम पंचायत सचिवों एवं जनसूचना अधिकारियों का प्रशिक्षण होगा। 26 अक्टूबर को खाद्य विभाग के उचित मूल्य दुकान संचालकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। स्कूल शिक्षा विभाग के पीआईओ एवं एफएओ का प्रशिक्षण 28 अक्टूबर को होगा। इसी दिन राजस्व, कृषि, महिला एवं बाल विकास, जल संसाधन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, लोक निर्माण, पशुपालन, विद्युत, वन और गृह सहित शेष विभागों के नामांकित अधिकारियों को भी प्रशिक्षण दिया जाएगा। कलेक्टर कार्यालय द्वारा प्रत्येक ब्लॉक से ब्लॉक स्तरीय मास्टर ट्रेनर नियुक्त किए गए हैं। वे अपने-अपने क्षेत्र में निर्धारित तिथि पर प्रशिक्षण आयोजित कर अधिनियम के प्रावधानों, सूचना आवेदन के निराकरण तथा संबंधित जिम्मेदारियों की जानकारी देंगे। प्रशिक्षण के बाद पालन प्रतिवेदन छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग को प्रेषित किया जाएगा।

फोन पर गाली-गलौज के बाद दर्जनों लोगों ने युवक पर किया हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शांतिनगर में फोन पर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने के बाद 12 से 15 लोगों ने एक युवक पर जानलेवा हमला कर दिया। आरोपी रात में 8 से 10 बाइक पर सवार होकर पहुंचे थे। उन्होंने युवक के गले पर वार करने की कोशिश की। बीच-बचाव करने आए उसके साथी पर भी हमला किया गया। पुलिस ने मामले में रौनक सिंह उम्र 24 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार शांतिनगर के कुणाल आजाद उम्र 21 वर्ष ने शिकायत दर्ज कराई है कि 22 अक्टूबर की रात करीब 11 बजे उसके मोबाइल पर अलग-अलग नंबरों से फोन आए। फोन करने वाले गाली-गलौज कर रहे थे और जान से मारने की धमकी दे रहे थे। कुणाल ने उन्हें कई बार समझाने की कोशिश की, लेकिन वे लगातार फोन कर धमकाते रहे। रात करीब 1 से 1:30 बजे के बीच फिर फोन आया और गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। इसके बाद रात करीब 1:30 से 2 बजे के बीच 12 से 15 लोग 8 से 10 बाइक पर सवार होकर शांतिनगर पहुंच गए। उनके पास डंडे, रॉड, चाकू और तलवार थे। आरोपियों ने कुणाल पर हमला कर दिया और उसके गले पर वार करने की कोशिश की। कुणाल ने बचाव किया। परिवार के लोग बीच-बचाव करने पहुंचे, जिसके बाद उसकी जान बच सकी। आरोपियों ने उसके साथी खिलेश साहू पर भी डंडे, रॉड, चाकू और तलवार से हमला किया। परिजनों ने उसे भी बचाया। मामले की जांच के लिए एफएसएल टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने प्रेमनगर के रौनक सिंह उम्र 24 वर्ष को गिरफ्तार कर रिमांड पर लिया है। एक नाबालिग को भी पकड़ा गया। उन्होंने युवक के गले पर वार करने की कोशिश की। बीच-बचाव करने आए उसके साथी पर भी हमला किया गया। पुलिस ने हमले में इस्तेमाल किए गए दो चाकू और पांच बाइक जब्त की हैं।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।



तीन प्रमुख मार्गों पर 195 स्ट्रीट लाईटों से रोशन होंगे शहर के मार्ग

उद्योग मंत्री ने सीएसईबी चौक में किया वेटिंग शेड का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन और महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने सीएसईबी चौक पर जिला खनिज न्यास मद से 16 लाख 15 हजार रुपये की लागत से नवनिर्मित वेटिंग शेड का लोकार्पण कर क्षेत्रवासियों को समर्पित किया। इसके साथ ही नगर निगम के तीन प्रमुख मार्गों पर स्थापित नवीन स्ट्रीट लाइटों का भी लोकार्पण किया गया।

सीएसईबी चौक पर वेटिंग शेड के लोकार्पण अवसर पर मंत्री लखन लाल देवांगन ने कहा कि शहरवासियों की सुविधा और सुलभता को ध्यान में रखते हुए लगातार विकास कार्य किए जा रहे हैं। चौक पर सिग्नल के दौरान इंतजार करने वाले लोगों को गर्मी में तेज धूप और बारिश से होने वाली परेशानी से अब राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि चौक के दूसरी ओर भी जल्द ही वेटिंग शेड का निर्माण पूरा कर लिया जाएगा। यात्रियों की सुविधा के लिए सुलभ शौचालय का निर्माण भी शीघ्र पूर्ण होगा। मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि जिला खनिज न्यास मद का उपयोग शहरवासियों की सुविधाओं और जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देते हुए किया जा रहा है। हमारा प्रयास है कि विकास कार्यों का लाभ आम नागरिकों को सीधे मिले और शहर की सार्वजनिक सुविधाओं में निरंतर सुधार हो। इस अवसर पर महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने कहा कि ट्रिपल इंजन सरकार की ताकत से वार्डों के छोटे-बड़े विकास कार्यों से लेकर मुख्य मार्गों के डामरीकरण सहित करोड़ों रुपये के कार्य तेजी से धरातल पर उतर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मंत्री लखन लाल देवांगन शहरवासियों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विभिन्न मदों से लगातार विकास कार्यों की स्वीकृति दिला रहे हैं। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य नरेंद्र देवांगन, हीतानंद अग्रवाल, पार्षद राम कुमार साहू, मथुरा चंद्रा, मुकुंद कंवर, पार्षद लक्ष्मण श्रीवास, भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, मंडल अध्यक्ष योगेश मिश्रा, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष वैभव शर्मा, विजय गुप्ता, मंडल अध्यक्ष योगेश मिश्रा सहित क्षेत्रवासी उपस्थित थे।



वेटिंग शेड का लोकार्पण करते उद्योग मंत्री, महापौर एवं अन्य।

तीन प्रमुख मार्गों पर 195 नवीन स्ट्रीट लाइटों का लोकार्पण

उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन के मुख्य आतिथ्य एवं महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत की अध्यक्षता में नगर निगम के तीन प्रमुख मार्गों पर स्थापित नवीन सड़क बत्ती (स्ट्रीट लाइट) कार्यों का लोकार्पण किया गया। रातोखार मुख्य मार्ग से पुराना पुल होते हुए मुक्तिधाम तक 44 नग नवीन स्ट्रीट लाइटों का लोकार्पण कर मार्ग को रोशन किया गया। रामनगर चौक से सिपेट होते हुए अयोध्यापुरी तक वार्ड क्रमांक 51 एवं 52 अंतर्गत 80 नग स्ट्रीट लाइटों का लोकार्पण किया गया। इस कार्य की लागत 25 लाख 50 हजार रुपये है। जमनीपाली पेट्रोल पंप चौक से कॉरपोरेशन साइट प्रधानमंत्री आवास तक वार्ड क्रमांक 58 के सरदार वल्लभभाई पटेल नगर अंतर्गत मुख्य मार्ग पर 71 नग एलईडी स्ट्रीट लाइटों का लोकार्पण किया गया। इस कार्य की लागत 25 लाख 25 हजार रुपये है।

